# "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम " (POSH) पर दिखाया गया

# वृत्तचित्र (डाक्यूमेंटरी)

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 04 अप्रैल 2025 को आंतरिक शिकायत समिति के तत्वाधान में वृत्तचित्र (डाक्यूमेंटरी)का आयोजन महाविद्यालय प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में किया गया। परिसर में सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल को बढ़ावा देने के लिए "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम " (POSH) अधिनियम, 2013 पर ध्यान केंद्रित करते हुए POSH जागरूकता प्रशिक्षण के अंतर्गत वृत्तचित्र (डाक्यूमेंटरी) दिखाया गया। वृत्तचित्र का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थान में यौन उत्पीड़न से निपटने के तंत्र के बारे में शिक्षित करना था और एक सुरक्षित, समावेशी और लिंग-संवेदनशील परिसर वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना है।

डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए- POSH अधिनियम के तहत उत्पीड़न की परिभाषा को समझने, शिकायत दर्ज करने के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शन, समाधान के लिए समयसीमा और गोपनीयता उपायों और खुले संचार को प्रोत्साहित करने वाले निवारक उपायों और उत्पीड़न को रोकने के लिए नीति प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित कराया गाया। वृत्तचित्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना तथा साथ ही साथ उसे समस्या से निपटने के कानून द्वारा बताए गए नियमों से अवगत कराना है। आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा डॉ. शोभना गोयल की देख रेख में आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य डॉ. डिंपल गोयल, डॉ. पूजा सैनी के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । आंतरिक शिकायत समिति के विद्यार्थी सदस्य में चंचल व भविष्य का विशेष योगदान रहा। वृत्तचित्र से **56** विद्यार्थी लाभान्वित हुए ।